सफलता पहले से की गयी तयारी पर निर्भर है, और बिना ऐसी तयारी के असफलता निश्चित

साप्ताहिक

# नीमच हेडलाइन्स

पंजीयन क्रमांक- MPHIN/2018/76962

अंचल का तेज़ी से बढ़ता न्यूज़ नेटवर्क...

NEEMUCH HEADLINES

ख़बर वही, जो हम दिखाते है...

संस्थापक- स्व.इंद्रदेव जी जाजपुरा | प्रधान सम्पादक - अविनाश जाजपुरा

साप्ताहिक समाचार पत्र,एप, वेब पोर्टल और न्यूज़ चैनल

वर्ष - 08 | अंक- 02 | नीमच, बुधवार 2 से 8 जुलाई 2025 तक | कुल पृष्ठ - 08 | मूल्य - 5₹

## न्यूज इनबॉक्स

### पिपलियामंडी पुलिस की बड़ी कार्रवाई, पिकअप से 06 क्विंटल डोडाचूरा जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार



निखिल सोनी पिपलियामंडी

पिपलिया मंडी थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह करीब 8:45 बजे ठडोद बालाजी फांटा के पास पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक बड़ी कार्रवाई करते हुए बिना नंबर की पिकअप वाहन से 6 क्विंटल (600 किलो) अवैध डोडाचूरा बरामद किया है। इस दौरान पुलिस ने मौके से दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिसमे राहुल उर्फ भुरालाल पिता काना देवड़ा उम्र 26 वर्ष, निवासी सादेरा बाना, थाना रावटी, जिला रतलाम एवं भरत उर्फ मोती पिता छगन देवड़ा उम्र 21 वर्ष, निवासी खेरियापाड़ा, थाना रावटी, जिला रतलाम तस्करी में इस्तेमाल की गई पिकअप में 30 कट्टों में भरकर डोडाचूरा ले जाया जा रहा था। पुलिस ने संदेह के आधार पर वाहन को रोका और तलाशी लेने पर यह भारी मात्रा में मादक पदार्थ मिला। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। साथ ही, इस तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी है। पुलिस की इस कार्रवाई से मादक पदार्थ तस्करी पर एक और करारा प्रहार हुआ है। मामले की जांच पिपलियामंडी थाना इंचार्ज प्रभारी नितिन कुमावत के नेतृत्व में की जा रही है।

### लायंस क्लब मनासा द्वारा डॉक्टर्स डे पर स्थानीय डॉक्टरों का किया सम्मान



**मनासा।** राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे पर लायंस क्लब मनासा द्वारा 1 जुलाई 2025 को होटल संजीवनी में डॉक्टरों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि मनासा के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर महेश मजेजी रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता लायंस क्लब मनासा के अध्यक्ष श्री विष्णु जी सोनी द्वारा की गई, लायंस क्लब मनासा के सचिव नेमीचंद पाटीदार एवं कोषाध्यक्ष प्रशांत शर्मा भी मंचासीन उपस्थित रहे।
सम्मान समारोह में 12 चिकित्सकों का सम्मान किया गया, डॉक्टर्स सम्मान लायंस क्लब के सभी सदस्यों द्वारा बारी बारी से किया गया, जिसमें मुख्य रूप से डॉक्टर महेश मजेजी, डॉ आरके जोशी, डॉ सुरेश मजेजी, डॉ बी एल भायल, डॉ स्वप्निल वधवा, डॉ शैलेन्द्र पाटीदार, डॉ फुलेरा, डॉ संजय जाट एवं डॉ अर्जुन श्रीवास्तव रहे। मुख्य अतिथि श्री महेश मजेजी द्वारा नेत्रदान में कॉरनिया लेने, मनासा में ICU की सुविधा आदि के बारे में ध्यान आकर्षित किया, स्वागत भाषण क्लब अध्यक्ष लायन विष्णु जी सोनी द्वारा प्रस्तुत किया गया, समारोह क़ो डॉ आर के जोशी, डॉ संजय जाट, डॉ स्वप्निल वधवा, डॉ शैलेन्द्र पाटीदार द्वारा भी सम्बोधित किया गया,समारोह में लायंस क्लब मनासा के लॉ प्रधुम्नजी मारु, अशोकजी मालपानी, रमेश जी मुंदडा, दिनेशजी झंवर, महेशजी राठी, प्रकाशजी झंवर,यशवंतजी सोनी, एम के डे, मंगेशजी संघई,अनुपजी व्यास, श्यामजी सोनी, ललितजी मुंदडा, गिरीशजी भट्ट, के सी कमरिया, गगनजी चौधरी, अंकितजी सारड़ा, नितिन जी जैन, अरुण जी बसेर, दीपक जी बसेर, अजय जी शर्मा, डॉ बी एल भायल उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन क्लब सचिव लायन नेमीचंद पाटीदार द्वारा व्यक्त किया गया।

## परिवहन विभाग और यातायात विभाग की जिम्मेदारी ओर लचीली सिस्टम प्रणाली

# नीमच जिले में राजस्थान ओर गुजरात पासिंग गाड़ियों का बोलबाला, फर्जी दस्तावेजों से लाते है गाड़िया

### बिना लाइसेंस के दूसरे राज्यों से गाड़ियां लाकर बेचने वाले आटोडील संचालको ने दिया तस्करो को बढ़ावा

**नीमच।** नीमच शहर में पिछले कुछ समय से राजस्थान और गुजरात पासिंग गाड़ियों का इतना बोलबाला हो गया है कि हर तरफ एमपी को छोड़कर अन्य राज्यों की गाड़ियां बेखोफ घूमती हुई नजर आ जाएगी। कुछ लोग इसका पूरा फायदा उठा कर टैक्स की चोरी करते हुए फर्जी दस्तावेज लगाकर अन्य राज्यों से वाहन रजिस्टर्ड कराते हैं जिसमें नीमच शहर में कई गाड़ीया ऐसी है जिसमें गाड़ी मालिकों ने चित्तौड़गढ़ उदयपुर से गाड़ियां रजिस्टर्ड कर रखी है और सबसे बड़ी बात उन गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन करवाने में उन्होंने अपना पता राजस्थान का बताया है जो एक फ्रॉड है।

### आरटीओ एजेंट की भूमिका

जब नीमच हेडलाइंस ने पूरे मामले में पड़ताल की तो चौकाने वाले तथ्य सामने आए जिसमें पता चला कि आरटीओ एजेंट थोड़े बहुत पैसों के लालच में फर्जी दस्तावेज तैयार करवा देते हैं यहां तक कि वह फर्जी एड्रेस भी उपलब्ध करा कर वाहन रजिस्ट्रेशन करवा देते हैं। आरटीओ एजेंट हजार दो हजार रुपये की दलाली के चक्कर में इस तरह कृत्य करते हैं जिसकी वजह से अन्य राज्यों की गाड़ियां फर्राटे से घूमती हुई नजर आती है।

### परिवहन विभाग की कमजोरी और खोखला तंत्र -

आरटीओ एजेंट बिना किसी जानकारी के अन्य राज्यों के नामका वाहन रजिस्टर्ड कराते हैं जिसमें मध्यप्रदेश राजस्थान और गुजरात के एजेंटो की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और इस पूरे मामले में परिवहन विभाग का तंत्र पूरी तरह से खोखला नजर आता है जो किसी भी दस्तावेज को बिना जांच पड़ताल किए वाहनों के रजिस्ट्रेशन की परमिशन दे देते हैं। यह परिवहन विभाग की एक सबसे बड़ी चूक सामने आती है जिसको अगर समय रहते नही सुधारा गया तो बड़ी-बड़ी दुर्घटनाएं भी सामने नजर आएगी। हालांकि इसमें केवल मध्यप्रदेश ही नहीं बल्कि राजस्थान गुजरात के परिवहन विभाग भी काफी हद तक जिम्मेदार है।

### पुरानी (सेकंड हैंड) गाड़ियां लाकर बेचने वाले भी काफी हद तक जिम्मेदार :-

नीमच शहर में इन दोनों पुरानी गाड़ियां बेचने का चलन भी काफी तेजी से चल रहा है ना तो इसके लिए किसी प्रकार का कोई लाइसेंस लेना पड़ता है और ना ही किसी विभाग की कोई परमिशन। बस थोड़े बहुत पैसे लगाकर यह लोग राजस्थान गुजरात जैसे राज्यों से कम कीमत में पुरानी गाड़ियां लाकर नीमच मंदसौर जिले में लोगों को बेचते हैं और इसमें अच्छा खासा मुनाफा कमा लेते हैं। इनके इस धंधे की वजह से तस्कर लाबी को काफी फायदा होता है जो ऐसी गाड़ियों को ओने पौने दामों में खरीदकर तस्करी के धंधे में लगा देते हैं।

### तस्करी में सबसे ज्यादा अन्य राज्यो की नंबर प्लेट वाली गाड़ियां उपयोग होती है :-

मध्यप्रदेश में दूसरे राज्यों की गाड़ियों के चलने की वजह से पुलिस महकमें को भी यह जानने में परेशानी आती है कि कौन सी गाड़ी आम व्यक्ति के काम आ रही है और कौन सी तस्करों के उपयोग में आ रही है। सबसे बड़ी बात नीमच ओर मंदसौर जिला तस्करी का बेल्ट है यहां पर आए दिन अफीम डोडाचुरा के प्रकरण दर्ज होते हैं। जिसमें जितनी भी गाड़ियां पकड़ी जाती है वह अधिकतर गुजरात राजस्थान हरियाणा पंजाब जैसे क्षेत्रों की होती है ऐसे में नीमच जिले की स्थानीय लोग राजस्थान और गुजरात पासिंग गाड़ियां चलाकर पुलिस प्रशासन को भी भ्रमित करने का कार्य करते हैं।

### इनका कहना :-

*हमारे पास स्थानीय लोगो की राजस्थान और गुजरात राज्यों की गाड़ियों पर कार्यवाही करने के कोई आधिकारिक आदेश तो नहीं है परंतु रूटिंन चालानी कार्यवाही में हम सभी गाड़ियों पर कार्यवाही करते हैं चाहे वह किसी भी राज्य की हो।*

***उर्मिला चौहान** यातायात प्रभारी नीमच।*

*वर्तमान में कोई भी व्यक्ति किसी भी राज्य की गाड़ी को खरीद सकता है। ऐसे सरकार के निर्देश हो गए हैं। परंतु यह बात चिंताजनक है कि ऑटोडील का काम करने वाले लोग बिना लाइसेंस के फर्जी तरीके से दूसरे राज्यो की गाड़ियां लाकर बेचते हैं ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। हालांकि हमारे पास अन्य राज्यों की गाड़ियों पर कार्यवाही के स्पेशल कोई आर्डर नहीं आए हैं।*

***नंदलाल गामड़** जिला परिवहन अधिकारी*

### यातायात विभाग की अनदेखी भी एक बड़ा कारण

अब बात करे परिवहन विभाग की तो इनकी भी एक बड़ी समस्या है कि वे केवल काले कांच की गाड़ियां, बिना नंबर की, बिना सीट बेल्ट की गाड़ियों को रोककर चालान बनाने की प्रक्रिया को पूर्ण करते हैं यहां तक की ग्रामीण क्षेत्र के आम लोगों को टारगेट बनाने के चक्कर में यह लोग भूल जाते हैं कि अन्य राज्यों की गाड़ियां फर्जी दस्तावेजों के आधार पर चलाना भी एक बड़ा अपराध है और यातायात विभाग ऐसी गाड़ियों पर कार्यवाही नहीं कर पाता। अगर भूले भटके में कार्रवाई करने बैठ भी जाए तो किसी भी राजनीतिक पार्टी से जुड़े व्यक्ति से फ़ोन लगवाकर यह लोग आसानी से अपनी गाड़ियां छुड़ा लेते हैं।

## शिवधाम का यह पवित्र भवन नगर को आध्यात्म की नई दिशा देगा - बी.के.सूर्य भाई

# जीरन में शिवधाम भवन में दिव्य प्रवेश एवं विशाल आध्यात्मिक कार्यक्रम सम्पन्न

ब्यूरो रिपोर्ट- दुर्गाशंकर लाला भट्ट

**जीरन।** ''जीरन नगरी में बना यह नवीन 'शिव धाम' अपनी आध्यात्मिक किरणों के द्वारा नगर में निरंतर सुख-शांति के प्रकम्पन्न प्रवाहित करेगा । इसके सुन्दर हॉल में हमेशा सेवाओं के कार्यक्रम चलते रहेंगे तथा विशेष ध्यान कक्ष के शक्तिशाली वाईब्रेशन हर राजयोग साधक को आध्यात्मिक शक्तियों से परिपूर्ण कर आंतरिक खुशी प्रदान करेगा ।'' उपरोक्त विचार विश्व विख्यात प्रेरक वक्ता मानस मर्मज्ञ एवं संकल्प सिद्ध योगी ब्रह्माकुमार सूर्य भाई जी ने अपने वक्तव्य में कहे आप यहाँ ब्रह्माकुमारीज़ की विशाल दो मंजिला भवन के दिव्य प्रवेश के अवसर पर पधारे थे आपके साथ ही प्रेरक वक्ता दिव्य प्रभा एवं साहित्स सृजक, अन्तर्राष्ट्रीय विभूति राजयोगिनी बी.के.गीता बहन जी भी उपस्थित थे दोनों विशिष्ट अतिथि द्वय ने शिवधाम के प्रवेश द्वार पर ओम शान्ति की ध्वनि के साथ नारियल फोड़कर तथा फीता काटकर दिव्य प्रवेश किया तथा शिव भोलानाथ के भण्डारे में अपने हाथों से भोग प्रसादी बनाई, तत्पश्चात बहुत बड़ी संख्या में उपस्थित ब्रह्मावत्सों को संबोधित करके आध्यात्मिक सेवाओं के लक्ष्य देकर मार्गदर्शन दिया कार्यक्रम के दूसरे सत्र में निर्भय, निश्चिंत और खुशहाल जीवन के लिए टिप्स देने वाले कार्यक्रम 'सुख शांति की ओर कदम..' का शुभारंभ अतिथि द्वय ने राजयोगिनी बी.के.सविता दीदी, राजयोगी बी.के. सुरेन्द्र भाई, बी.के.श्रुति बहन, बी.के. ज्योति बहन एवं बी.के.वर्षा बहन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया अतिथियों का स्वागत वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश जी मेहता एवं पूर्व न.पं.अध्यक्ष जीवराज धानुक ने किया । बी.के.सूर्य भाई जी तथा राजयोगिनी बी.के.गीता दीदी ने अपने ओजस्वी वक्तव्य से सभी को लाभान्वित किया तथा खुशहाल जीवन शैली के अनेक सहज, सरल उपाय बताऐ । स्वागत भाषण बी.के.सविता दीदी ने दिया तथा आभार प्रदर्शन बी.के.सुरेन्द्र भाई ने किया तथा कार्यक्रम का संचालन बी.के.श्रुति बहन द्वारा किया गया । अंत में सभी को पवित्र प्रसादी वितरित की गई ।







# थैलेसिमिया वार्ड में वस्त्र व्यवसायी संघ के माध्यम से सुविधाओं में विस्तार




**नीमच** जिला वस्त्र व्यवसायी कल्याण संघ समिति नीमच द्वारा मानव सेवा एवं परोपकार एवं कल्याण की भावना को मूर्त रूप देते हुए जिला चिकित्सालय में नव सुसज्जित थैलेसिमिया वार्ड में 2 टन ए.सी. तथा हिमोग्लोबीनोमीटर की सेवाए सर्मपित की। इस अवसर पर परिसर में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.खद्योत ने कहा, कि व्यापार के साथ समाज सेवा हेतु वस्त्र व्यवसायियों द्वारा किया गया कार्य सराहनीय है, इससे अन्य समाज एवं व्यवसायीयों को भी प्रेरणा मिलेगी, जिससे चिकित्सा के क्षेत्र में मरीजो को व्यापक सुविधाए प्राप्त होगी। डॉ.खद्योत ने बताया, कि थैलेसिमिया एवं सिकल सेल दोनो अनुवांशित बीमारी है, जो कि माता-पिता से बच्चों में संचारित होती है, इसलिये समय पर जॉच करवाने से इस बीमारी के संक्रमण को रोका जा सकता है। डॉ.खद्योत ने बताया, कि वर्तमान में 90 बच्चों को थैलेसिमिया संक्रमण के कारण प्रतिमाह, सप्ताह खून चढ़ाने की जरूरत होती है, उन बच्चों को वार्ड में भर्ती रखा जाता है तथा सुविधाए प्रदाय की जाती है। इस अवसर पर मेडिकल कालेज के डीन डॉ.आदित्य एस.बारेड ने सम्बोधित करते हुए बताया, कि आगामी समय में मेडिकल कालेज की सुविधाओ में भी विस्तार होगा तथा बच्चों एवं मरीजों के बेड में बढ़ोतरी होगी साथ ही थैलेसिमिया रोग के बारे में भी नवागत प्रशिक्षु, चिकित्सको को रिसर्च का मौका मिलेगा। डॉ.बारेड ने वस्त्र व्यवसायी संघ द्वारा एम.आर.आई. मशीन की मांग पर बताया, कि आगामी समय में शासन स्तर से एम.आर.आई. मशीन लगाई जाना प्रस्तावित है। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ.महेन्द्र पाटील ने इस बात पर जोर दिया , कि विवाह के पूर्व जन्म कुंडली के साथ रक्त कुंडली भी मिलाई जाए, जिससे वंशानुगत रोगों पर नियंत्रण किया जा सके। समारोह मे कार्यक्रम के संयोजक थैलेसिमिया वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष श्री सत्येन्द्र सिंह राठौर ने थैलेसिमिया के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी देते हुए सोसायटी द्वारा प्रदाय की जा रही सुविधाए, एच.एल.ए. कैम्प एवं बोन मेरो ट्रांसप्लांट पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि आगामी समय में इस बीमारी के जनजागरूता के लिये स्कूल एंव कालेज में सेमिनार का आयोजन किया जावेगा तथा भविष्य की पीढी को जागरूक किया जावेगा। समारोह में वस्त्र व्यापारी संघ के संरक्षक श्री जिनेन्द्र डोसी ने कहा, कि संघ द्वारा जनहित के कार्यों को निरंतर धरातल पर उतारा जा रहा है आगे भी जिला चिकित्सालय, मेडिकल कालेज में मरीजों के परिजनों के लिये सुविधाओ की आवश्यकता होगी, तो संघ अग्र पंक्ति में खड़ा रहेगा। कार्यक्रम का संचालन श्री वैभव पारीख, ने किया तथा आभार श्री दीपक पारवानी ने माना। इस अवसर पर मेडिकल कालेज के डॉ.आदेष पाटीदार, वस्त्र व्यवसायी संघ के अध्यक्ष श्री दिलीप मौगरा, कोषाध्यक्ष श्री दीपक शर्मा सहित अन्य व्यवसायी उपस्थित थे। ज्ञातव्य हो, कि जिस वार्ड में वर्तमान में थैलेसिमिया वार्ड संचालित है। उस वार्ड का 1996 में वस्त्र व्यवसायी संघ द्वारा जिर्णोद्धार करवाया गया था। उक्त शिलालेख को भी संघ द्वारा नवीनीकृत किया गया। समारोह पश्चात सुविधाओ को जिला चिकित्सालय को सर्मपित किया गया। इस अवसर पर वस्त्र व्यवसायी संघ एवं उपस्थित आमजन हेतु निःशुल्क हिमोग्लोबीन जांच शिविर का आयोजन भी किया गया था, जिसमें आमजन द्वारा जांच करवाई गई।

## अपने बच्चों को स्कूल आवश्यक भेजे- सांसद गुप्ता
### सांसद सुधीर गुप्ता ने दी शिक्षा सत्र की शुभकामनाएं



**नीमच**। लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता ने मंदसौर संसदीय क्षेत्र के सभी अभिभावकों से विनम्र अपील करते हुए कहा है कि, शिक्षा आज के समय में अनिवार्य आवश्यकता है। शिक्षा के अधिकार आपको उपलब्ध हैं। अपने बच्चों को शासकीय विद्यालयों में प्रवेश दिलाए। स्कूल में समस्त व्यवस्थाएं निशुल्क हैं। परिवार को अगर आगे बढ़ाना है, तो शिक्षित होना बहुत जरूरी है। एक बार पुनः सभी अभिभावकों से अपील करता हूं कि, अपने बच्चों को अनिवार्य रूप से सरकारी स्कूल में भेजें। बच्चों के लिए निशुल्क शिक्षा की व्यवस्थाएं हैं।

# अवैध अफीम डोडाचूरा की तस्करी में एक तस्कर गिरफ्तार, 1 क्विंटल 10 किलो मादक पदार्थ व कार जब्त



**नीमच**। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत नीमच जिले की जीरन थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसोदिया व एसडीओपी नीमच किरण चौहान के मार्गदर्शन तथा जीरन थाना प्रभारी निरीक्षक उमेश यादव व चीताखेड़ा चौकी प्रभारी उप निरीक्षक राजेन्द्र सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में टीम ने 1 क्विंटल 10 किलोग्राम अवैध अफीम डोडाचूरा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 23 जून 2025 को उप निरीक्षक राजेन्द्र सिंह सिसोदिया को मुखबिर से सूचना मिली, जिस पर एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए नाकाबंदी की गई। इस दौरान एक हुंडई कार (क्रमांक MP14CB3889) की तलाशी में 6 प्लास्टिक की बोरियों में कुल 1 क्विंटल 10 किलो अवैध अफीम डोडाचूरा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से तस्कर नानालाल पिता ईश्वरलाल पाटीदार, उम्र 32 वर्ष, निवासी काजलीखेड़ा, थाना रठाजना, जिला प्रतापगढ़ (राजस्थान) को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है। आरोपी से पूछताछ जारी है, जिससे तस्करी के नेटवर्क और आपूर्ति शृंखला का पता लगाया जा रहा है।

### जप्त माल का विवरणः

1 क्विंटल 10 किलोग्राम अवैध अफीम डोडाचूरा, अनुमानित कीमतः 6 लाख हुंडई कार (MP14CB3889), अनुमानित कीमतः 4 लाख

# जल संरक्षण में नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है मध्यप्रदेश- विधायक माधव

## भाटखेड़ी बुजुर्ग में जल गंगा संवर्धन का समापन समारोह







**नीमच**। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण में म.प्र.नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। गांव-गांव में जनसहभागिता से जल संरक्षण के अभूतपूर्व कार्य हुए है। यह बात मनासा विधायक अनिरूद्ध मारू ने सोमवार को मनासा क्षेत्र के ग्राम भाटखेड़ी बुजुर्ग में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान के विकासखण्ड स्तरीय समापन समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर त्रि-स्तरीय पंचायतों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, एसडीएम पवन बारिया, जनपद सीईओ अरविंद डामोर, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तथा ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# पंचायत के जिम्मेदारो व प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही से जा सकती है। किसी की भी जान,गरवाड़ा में 8 दिन में तीसरी बड़ी घटना, जानलेवा गड्ढे में समाई मोटर साईकिल

निर्मल मूंदड़ा

**रतनगढ़**। नीमच जिला मुख्यालय से 60 किलोमीटर दूर एवं रतनगढ़ से मात्र 7 किलोमीटर दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत आलोरी गरवाड़ा के गांव गरवाड़ा में प्रशासनिक लापरवाही और अधूरे पड़े निर्माण कार्यो ने एक बार फिर से एक बड़े हादसे को न्योता दे दिया। पिछले 8 दिनों के भीतर यह तिसरी घटना है। जिसमें वाहन चालक की जान भी जा सकती थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार भांभी मोहल्ला,चारण मोहल्ला,आलोरी चारभुजा नाथ मंदिर तक जाने वाले आम रास्ते या यू कहे कि मुख्य मार्ग के बीचो- बीच लगभग 2 वर्षो पूर्व किसी काम के लिए खोदे गए गड्ढे में एक पूरी मोटर साईकिल समा गई।जिसमे मीनाक्षी पिता प्रहलाद चारण बुरी तरह से घायल हो गई। यह तो गनीमत रही कि इस दौरान कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई। वरना पंचायत के जिम्मेदार एवं प्रशासनिक अधिकारी क्या जवाब देते।इस घटना ने ग्रामीणों के गुस्से और भय को और बढ़ा दिया है।घटना का एक वीडियो भी सामने आया है।जिसमें साफ तौर पर देखा जा सकता है। कि सड़क के किनारे खोदा गया गड्ढा कितना गहरा एवं खतरनाक है।और उसमें एक पूरी मोटर साइकिल गिरी हुई है। जिसे तीन-चार ग्रामीण मिलकर निकाल रहे हैं।इसके 6 दिन पूर्व भी आदित्य पिता अरविंद चारण इसी खड्डे में गिरकर घायल हो गया था।साथ ही आज ही घटी तीसरी घटना में लकी पिता लोकेश चारण के भी घायल होने की जानकारी सामने आ रही है।ग्रामीणों का आरोप है।कि गांव में पिछले कई माह से विकास कार्य रुके पड़े है।लेकिन जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों का इसे सुरक्षित करने या पूरा करने की तरफ कोई ध्यान नहीं है।आज की इन दो घटनाओ के बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा वे बोले कि ऐसा लग रहा है। कि प्रशासन नाम की कोई चीज नहीं है।हमारी कोई सुनने वाला नहीं है।परेशान ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर वे कई बार सरपंच और सचिव से भी गुहार लगा चुके हैं,लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। एक स्थानीय निवासी ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रशासन का कैसा रवैया है? वे आंखें मूंद कर कुंभकर्णी नींद में सो रहे हैं।और यहाँ लोगों की जान से खिलवाड़ हो रहा है।आज मोटर साइकिल गिरी है,कल अगर कोई बच्चा या व्यक्ति इसमें गिरकर मर गया तो उसका जिम्मेदार कौन होगा? क्या प्रशासन किसी की मौत का इंतजार कर रहा है?ग्रामीणों के अनुसार, यह गड्ढा इतना गहरा है।कि इसमें कोई भी इंसान आसानी से समा सकता है,जिससे उसकी जान भी जा सकती है।पिछले कई समय से बंद पड़े काम और अधिकारियों की इस घोर लापरवाही के चलते लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। और वे किसी बड़े आंदोलन की चेतावनी दे रहे हैं।



# वर्षाकाल से जुड़ी दिक्कतों का समाधान तत्परता पूर्वक करें: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## त्यौहारों पर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें - सजग और संवेदनशील रहें अधिकारी, वीडियो कॉन्फ्रेंस से कलेक्टर्स सहित वरिष्ठ अधिकारियों को दिए निर्देश

**नीमच** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आने वाले दो माह के प्रमुख त्यौहारों पर धार्मिक स्थानों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। नागरिकों के हित में प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी संवेदनशील और सजग होकर दायित्व पूरा करें। वर्षाकाल से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान निकाला जाए। किसानों के लिए खाद और बीज की समुचित व्यवस्था रहे। नए शिक्षण सत्र के प्रारंभ होने पर विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को समत्व भवन,मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों ,क्लेक्टर्स और पुलिस अधीक्षकों से चर्चा कर रहे थे।



### नागरिकों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता हो

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि इस माह 28 जिलों में सामान्य से अधिक वर्षा हुई है। वर्षाकाल में आवश्यक प्रबंध किए जाएं। प्रदेश में एक से 26 जून तक हुई वर्षा 37 प्रतिशत अधिक है। अलीराजपुर और नीमच जिलों में सर्वाधिक वर्षा हुई है। अधिक वर्षा के अनुमान को देखते हुए रपटे और पुल आदि जहां पानी ऊपर से बह रहा है वहां बेरीकेड्स लगाए जाएं। नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे। वर्षाकाल में नाले और नालियां समस्या बन रहे हों तो तत्परतापूर्वक समाधान का कार्य किया जाए। बांध से पानी छोड़े जाने की स्थिति में मुनादी, वाट्सएप, दूरभाष आदि का उपयोग कर ग्रामीण क्षेत्रों में सूचना पहुंचाई जाए। इस संबंध में संवेदनशील होकर समय पर सभी दायित्व अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा पूरे किए जाएं। अतिवृष्टि से नागरिकों के बचाव के लिए होमगार्ड और अन्य आपदा राहत दल सक्रिय रहें। जिलों में बोट्स की भी आवश्यक व्यवस्था रहे।

### सर्पदंश से होने वाली मौतों को रोकें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि वर्तमान में सर्पदंश से नागरिकों को बचाने की जो व्यवस्थाएं हैं, उनका विस्तार करते हुए पंचायतों और थानों के स्तर पर आवश्यक कार्यवाही की जाए। सर्पदंश से बचाव और उपचार का प्रशिक्षण देने की प्रदेश में शुरूआत हुई है, जो सराहनीय है। इस कार्य को निरंतर किया जाए। संभव हो तो कालबेलिया समुदाय के युवाओं को भी इस कार्य में अधिक दक्ष बनाकर उनकी सेवाएं ली जाएं। इन प्रयासों से वर्षाकाल में सर्पदंश की बढ़ती घटनाओं से नागरिकों को बेहतर तरीके से बचाया जा सकता है।

### कानून व्यवस्था

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रत्येक जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति मजबूत रहे। सामान्य घटनाओं पर भी अनावश्यक मुद्दा बनाने और जिन प्रकरणों में कार्यवाही हो गई है उनको लेकर विवाद की स्थिति निर्मित करने वाले तत्वों से सख्ती से निपटा जाए। प्रदेश में नक्सल गतिविधियों पर नियंत्रण का कार्य अच्छा हुआ है, इसके लिए सुरक्षा बल और उनके जवान बधाई के पात्र हैं।

### श्रावण मास में सवारियों और यात्राओं के लिए करें जरूरी व्यवस्थाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीडियो कांफ्रेंस में कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि आगामी दो महीनों में विभिन्न त्यौहारों पर जरूरी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करें। ओंकरेश्वर, उज्जैन और मंदसौर में श्रावण मास में सवारियों और कावड़ यात्रियों के आवागमन को देखते हुए जरूरी प्रबंध किए जाएं। जनजातीय कलाकारों और पुलिस बैंड के माध्यम से कार्यक्रमों को आकर्षक बनाया जाए। गत वर्ष इस नवाचार को आमजनता ने भी सराहा था इस वर्ष भी ऐसी ही व्यवस्था कीजाए।

### किसान कल्याण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में किसानों के लिए गुणवत्तापूर्ण खाद, उर्वरक और बीज की व्यवस्था और आपूर्ति रखी जाए। इन वस्तुओं की किसी भी स्थिति में कालाबाजारी नहीं होना चाहिए। दोषी व्यक्तियों पर सख्त कार्यवाही की जाए।

### विद्यार्थियों को मिलें पाठ्यपुस्तकें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि विद्यालयों में पाठ्य-पुस्तकों की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर्स यह देखें कि इस कार्य में लापरवाही न हो। किसी दुकान विशेष से महंगी दर पर कापी-किताब खरीदने को विवश न किया जाए। शीघ्र ही सांदीपनि विद्यालियों सहित अन्य विद्यालयों के लिए निर्मित नए कक्षों और सुविधाओं को लोकार्पित कर विद्यार्थियों को लाभान्वित किया जाए। यह कार्य मिशन मोड पर किया जाए। बैठक में मुख्य सचिव ने जानकारी दी कि विद्यालयों में विद्यार्थियों के लगभग 85 प्रतिशत नामांकन हुए हैं। शत-प्रतिशत नामांकन के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

### गौ शालाओं का उपयोग

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि राजमार्गों और शहरों में सड़कों पर विचरण करने वाली गायों को दुर्घटनाओं से बचाने के लिए गौशालाओं तक पहुंचाने का कार्य किया जाए। बड़ी गौशालाओं में व्यवस्था आसान है। अन्य गौशालाओं में भी अनुदान राशि बढ़ाई गई है। पशुपालक स्वयं भी गायों को सड़क पर न आने दें। सूखे स्थान की भी व्यवस्था की जाए जिससे गायें वहां बैठ सकें। प्रशासन द्वारा पशुपालकों को गौ-शालाओं की व्यवस्थाओं की जानकारी भी दी जाए।

### मातृ और शिशु स्वास्थ्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को न्यूनतम एवं समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित कर कार्य किया जाए। एनीमिया नियंत्रण के लिए बहुआयामी प्रयास होना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर भी कलेक्टर्स से चर्चा कर निर्देश दिए।

### पदोन्नतियों के लिए कार्यवाही

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में नौ वर्ष के बाद अधिकारियों-कर्मचारियों की पदोन्नति के महत्वपूर्ण निर्णय के प्रकाश में विभागों द्वारा समय-सीमा में सभी कार्यवाहियों को पूर्ण करने के निर्देश दिए।बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाना, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# जनकपुर में स्वास्थ्य शिविर आयोजित 83 मरीजों ने लिया स्वास्थ्य लाभ

**नीमच** : शासकीय आयुर्वेद औषधालय आयुष ग्राम जनकपुर में शुक्रवार को जिला आयुष अधिकारी डॉ.आशीष बोरना के निर्देशन में निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर ग्राम जनकपुर के शासकीय माध्यमिक विद्यालय जनकपुर में आयोजित किया गया। शिविर में आमवात, संधिवात, त्वचा रोग उदर रोग,विबंध, श्वास,कास,प्रतिशय, रक्त अल्पता, रक्तचाप,अर्श गैस अम्लपित साइटीका, हदय, प्रमेह,आदि बीमारियों की जांच कर निःशुल्क औषधि वितरित की गई।शिविर में बी.पी.की निःशुल्क जांच कर, आवश्यक परामर्श के साथ औषधियां उपलब्ध कराई गई। शिविर में कुल 83 रोगियों ने स्वास्थ्य का लाभ लिया।शिविर में डॉ.नाथू सिंह मौर्य,डॉ.धीरज डावर, डॉ.जितेंद्र मौर्य,श्री भगवान दास बैरागी, श्री हरिशदास बैरागी,श्री हेमंत व्यास,



श्री विनीत सोनी, श्री यतेंद्र राजावत श्रीमति सुधा भदौरिया श्री सोनू द्वारा शिविर में अपनी सेवाएं दी गई।शिविर में ग्राम सरपंच एवं सचिव द्वारा आवश्यक सहयोग दिया गया।

# थडोद में आयुष चिकित्सा शिविर सम्पन्न

**नीमच**। जिला आयुष अधिकारी डॉ . आशीष कुमार बोरना के निर्देशन में शनिवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर थडोद द्वारा आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में आमवात संधिवात चर्मरोग उदर रोग विवन्ध श्वास कास,




प्रतिशय, रक्ताल्पता, अर्श, अम्लपित्त, मधुमेह, उच्च रक्तचाप 83 रोगियों की जांच कर आवश्यक परामर्श के साथ निशुल्क औषधियों का वितरण किया गया। शिविर में उच्च रक्तचाप शुगर एवं रक्ताल्पता की जांच निशुल्क की गई। शिविर में वर्षा ऋतु में होने वाली मौसमी विमारियों से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उपस्थित कृषको को औषधीय पौधों की खेती के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में डॉ .आर.पी.वर्मा श्रीमती संजू कुमारी एवं श्री गोविन्द दास ने सेवाएं दी ।

# पंख अभियाननीमच के तहत नीरज को मिला संत रविदास स्वरोजगार योजना का लाभ



**नीमच** जिले में बाछड़ा समुदाय के युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में संचालित पंख अभियान नीमच के तहत जिला प्रशासन द्वारा युवाओं को विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं का लाभ दिलाया जाकर उन्हे आत्मनिर्भर बनाने की पहल की जा रही है । पंख अभियान के तहत जिले की मनासा विकासखण्ड के ग्राम तलाऊ निवासी युवक निरज कुर्मावत को आंत्योदय विभाग द्वारा संत रविदास स्वरोजगार योजना के तहत 3.75 लाख रूपये का ऋण प्रदान किया गया है ।यह ऋण राशि सेंट्रल बैंक आफ इंडिया शाखा कुकड़ेश्वर द्वारा गत दिवस आयुष भवन नीमच में आयोजित एक कार्यक्रम में नीरज को प्रदान की गई है ।संत रविदास स्वरोजगार योजना के तहत मिली ऋण राशि से नीरज सेंन्ट्रीग कार्य के व्यवसाय को विस्तार देकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेगा ।

# सामूहिक राष्ट्रगान से महीने की शुरूआत

## सोनम चौहान को मिला बेस्ट एम्पलाई ऑफ मंथ अवार्ड

**नीमच**। कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को सामुहिक राष्ट्रगॉन एवं वंदेमातरम का गायन किया गया। राष्ट्रगॉन म.प्र. गान एवं वन्देमातरम का गायन ए.डी.एम. लक्ष्मी गामड़ तथा जिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर ए.डी.एम. लक्ष्मी गामड़ ने म.प्र.जल निगम परियोजना क्रियान्वयन ईकाई नीमच की प्रबंधक तकनीकी सोनम चौहान को बेस्ट एम्पलॉई ऑफ दी मंथ के पुरस्कार से सम्मानित किया। यह पुरस्कार सुश्री सोनम चौहान को गांधीसागर-2 समूह जल प्रदाय योजना का निर्माण कार्य इंटेकवेल, जल शोधन संयंत्र, उच्च स्तरीय टंकियों के निर्माण कार्य, पाइप लाइन बिछाने के कार्य एवं रोड़ रेस्टोरेशन कार्य के निरीक्षण के साथ ग्रामीणजनों से सम्पर्क कर, समस्याओं का समाधान करवाने पर यह सम्मान प्रदान किया गया हैं। सुश्री चौहान को एडीएम श्रीमती गामड़ ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर, बेस्टएम्पलॉई आफ दी मंथ के पुरस्कार से सम्मानित किया।



# कर्मशाला व ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुच सीएमओ श्रीमती बामनिया ने देखी व्यवस्था, दिए आवश्यक निर्देश

## सब्जी मंडी के बाहर भी किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण



**नीमच** । नीमच, नगर पालिका परिषद नीमच की मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया ने चार्ज ग्रहण करने के बाद से ही शहर में भ्रमण कर सफाई व अन्य व्यवस्था में सुधार करने के प्रयास प्रारंभ कर दिए है। सोमवार को नगरपालिका कार्यालय में शाखा प्रभारी की बैठक लेने तथा मंगलवार को शहर के अनेक क्षेत्रो में जाकर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने के पश्चारत् बुधवार सुबह वे सर्वप्रथम बंगला नंबर 60 स्थित कर्मशाला पहुंची और वहाँ का निरीक्षण कर कचरा वाहन, पानी के टैंकर, जेसीबी व अन्य वाहनों के बारे में जानकारी प्राप्त की। तत्पकश्चाात शहर के फव्वारि चौक पर चल रहे सफाई कार्य का निरीक्षण कर सब्जी मंडी के बाहर की भी सफाई व्यवस्था देखी एवं आवश्यक निर्देश दिए। इसके पश्चात श्रीमती बामनिया भोलियावास स्थित ग्रेचिंग ग्राउंड पर पहुंची और वहां का निरीक्षण कर वहां पदस्थ कर्मचारियों से कचरा निष्पादन संबंधी कार्य के बारे में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए। श्रीमती बामनिया ने वहां विकसित किए गए गार्डन और अनुपयोगी चीजों का उपयोग कर बढ़ाई गई गार्डन की सुंदरता को देख सराहना भी की। इस दौरान प्रभारी स्वानस्य् क अधिकारी श्री दिनेश टांक, स्वकच्छ ता निरीक्षक श्री भारतसिंह भारद्वाज, श्री अविनाश घेंघट, श्री गोपाल नरवाले आदि भी साथ थे।

# वध हेतु बैलों का परिवहन करने वाले आरोपी को 02 वर्ष का कारावास



**नीमच** । नीमच। डॉं. श्रीमती रेखा मरकाम, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, नीमच द्वारा वध हेतु बैलों का अवैध परिवहन करने वाले आरोपी इमरान पिता मुन्ना पठान, उम्र-28 वर्ष, स्कीम नम्बर 07, जिला-नीमच को धारा 6क/9 मध्यप्रदेश गौवंश प्रतिषेध अधिनियम, 2004 के अंतर्गत 02 वर्ष के कारावास व 5000 रूपये अर्थदण्ड एवं धारा 11घ पशु क्रुरता निवारण अधिनियम, 1960 के अंतर्गत 50 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले एडीपीओं श्री राजेन्द्र नायक द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 9 वर्ष पूर्व की होकर दिनांक 16.05.2016 को दिन के लगभग 12 बजे शंभू व्यायाम शाला के पास, नीमच की हैं। पशु कल्याण क्षैत्र में कार्य करने वाले अधिवक्ता प्रवीण मित्तल को दुरभाष पर सूचना प्राप्त हुई कि शंभू व्यायाम शाला के पास से आरोपी इमरान एक पीकअप वाहन में बैलो को क्रुरतापूर्वक भरकर वध हेतु दाहोद (गुजरात) ले जाने वाला हैं। सूचना विश्वसनीय होने से उनके द्वारा इस संबंध में पुलिस थाना नीमच केंट को सूचना की जानकारी दी गई, जिस पर से एसआई पन्नलाल दायमा मौके पर आये, जहाँ पर पीकअप वाहन खड़ा दिखाई दिया, जिसमें ड्राईवर सीट पर आरोपी इमरान पठान व क्लीनर की सीट पर आरोपी आरोपी आरीफ खां बैठा हुवा था। पीकअप वाहन की तलाशी लिये जाने पर उसमें 4 बैल ठूंस-ठूंस कर क्रुरतापूर्वक भरे हुवे थे। दोनो आरोपियों के पास बैलों को परिवहन का कोई वैध परमिट या वैध लाईसेंस नहीं होना पाया गया। जिस कारण दोनो आरोपीगण गिरफ्तार किया जाकर, बैलों व पीकअप वाहन को जप्त किया गया एवं आवश्यक अनुसंधान उपरांत अभियोग पत्र नीमच न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में विचारण के दौरान आरोपी आरीफ खां के फरार हो जाने से आरोपी इमरान के संबंध में निर्णय पारित किया गया।

विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से न्यायालय में पंचसाक्षी एवं विवेचक सहित सभी महत्वपूर्ण गवाहों के बयान कराकर अपराध को संदेह से परे प्रमाणित कराते हुवे आरोपी को कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया, जिस पर से माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी श्री राजेन्द्र नायक, एडीपीओ द्वारा की गई।

# पुलिस थाना बघाना मिली बडी सफलता" एक वर्ष से फरार आरोपी को गिरफ्तार



**नीमच**। बघाना थाना प्रभारी बघाना नीलेश अवस्थी के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया तथा मुखबीर सूचना के आधार पर एक वर्ष पुराने गोवंश व अवैध शराब परिवहन के अपराध कमांक 117/19.06.2024 धारा 4,6,9 म०प्र० गोवंश वध प्रतिषेध अधि.2004 एवं 11 (1) (घ) म०प्र०पशु क्रुरता अधि. व 34 (2) आबकारी एक्ट में फरार आरोपी शाहरूख पिता मुस्ताक नियारगर मुसलमान उम्र 24 साल निवासी ग्राम बोतलगंज थाना पिपलियामण्डी जिला मंदसौर को नीमच बस स्टेंड से गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय पेश किया गया है। इस कर्यवाही में निरी. नीलेश अवस्थी , प्रआर मनोज ओझा प्रआर मोनवीरसिंह प्रआर कैलाश चौधरी, आर ओमप्रकाश पारगी आर राहुल चंदेल, आर. अनिल प्रजापति का सराहनीय योगदान रहा।

# कलेक्टर, एडीएम एवं सीईओ ने जनसुनवाई के दौरान अलग अलग 84 मामलों में सुनवाई की




**मंदसौर**।जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन द्वारा सुशासन भवन सभाकक्ष में 84 आवेदकों की समस्याएं सुनी। अधिकारियों को जल्दी निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मंदसौर जिले के नापाखेड़ा निवासी आवेदक विष्णु बाई ने पट्टे की जमीन पर कब्जा रोकने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर तहसीलदार मल्हारगढ़ को निर्देश दिए कि जांच कर कार्यवाही करें। मंदसौर जिले के आक्यापालरा के कैलाश मोगिया ने प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर सीईओ मल्हारगढ़ को निर्देश दिए जांच कर कार्यवाही करें। मंदसौर जिले के थड़ोद निवासी पेपाबाई ने भूमि पर कब्जे के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर तहसीलदार मल्हारगढ़ को निर्देश दिए कि जांच कर कार्यवाही करें। मंदसौर जिले के गलियारा निवासी पार्वतीबाई ने आर्थिक सहायता राशी के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर जनपद पंचायत सीतामऊ को निर्देश दिए कि जांच कर कार्यवाही करें।

# बमोरा में दबंग द्वारा हरिजन व्यक्ति के कब्जे की जमीन पर अवैध रूप से बेशकीमती शासकीय भूमि पर किया जा रहा पक्का निर्माण

ब्यूरो रिपोर्ट - भगत मागरिया

**चीताखेड़ा**। शासकीय भूमि पर अवैधानिक तरीके से कब्जा कर अपना आधिपत्य स्थापित करना जमीन के लालची भू-माफिया कहें या अतिक्रमणकर्ता अपनी बहादुरी समझते हैं। इतना कुछ हो जाने के बावजूद भी भू-राजस्व विभाग के आलाधिकारीयों को शिकायत मिलने के बावजूद भी उनके खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं होना यह दर्शाता है कि कहीं न कहीं उनकी भी मिलीभगत है। जहां देखो जिस गांव में देखो अतिक्रमण की बाढ़ आई हुई है। जहां आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति ऐसा करता है उन्हें तत्काल भूमि से अतिक्रमण हटाकर बेदखल कर कानूनी पचड़े में उल्झा दिया जाता है वहीं रसूखदार धनाढ्य लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती है। वैसे देखा जाए तो अतिक्रमण मामले में कोई गांव अछूता नहीं है।

ऐसा ही कुछ समीपस्थ ग्राम बमोरा में देखने को मिला है। ग्राम बमोरा के हरिजन गरीब विकास बलाई की विगत 25 सालों से पशुओं को बांधता आ रहा उक्त शासकीय कब्जे वाली जमीन पर दबंग रसूखदार धनाढ्य व्यक्ति



देवीलाल पाटीदार द्वारा मुख्य मार्ग से लगी बेशकिमती शासकीय भूमि पर अवैधानिक तरीके से बिना किसी के रोक-टोक के अवैध रूप से पक्का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसकी शिकायत 6 माह पूर्व 2 फ़रवरी को थाना पुलिस थाना जीरन में की गई है। लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।

उल्लेखनीय है कि ग्राम बमोरा में पटवारी के संरक्षण में कथित दबंग व्यक्ति द्वारा पक्का निर्माण किया जा रहा है।बमोरा निवासी विकास बलाई का कहना है कि 6 माह पूर्व से गांव के मुख्य मार्ग से लगी मेरे कब्जे वाली बेशकिमती शासकीय भूमि पर दबंग व्यक्ति द्वारा धन और बाहूबल के दम पर गांव के देवीलाल पाटीदार द्वारा अवैधानिक तरीके से कब्जा कर अवैध रूप से पक्का निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसकी शिकायत लिखित में 6 माह पूर्व 28 फरवरी को भी जीरन पुलिस थाने को की गई ।परंतु आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई और रसूखदार धनाढ्य व्यक्ति अपने धन और बाहूबल के दम पर एक बार फिर से मेरे कब्जे वाली जमीन पर पक्का निर्माण कार्य किया जा रहा है। मेरी पत्नी श्रीमती गीता बाई मौके पर रोकने गई तो मौके पर मौजूद देवीलाल पिता हीरालाल पाटीदार और राधेश्याम पिता देवीलाल पाटीदार ने उससे जाती सूचक गंदी-गंदी गालियां बकने लगा और अपमानित शब्दों से दुत्कारा गया और वहां से नहीं चले जाने पर जान से मारने की धमकी दी। जिसकी रिपोर्ट भी पुलिस अवाक्स नीमच एवं पुलिस थाना जीरन में 28 जून को लिखित में की गई। लेकिन अभी तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। बमोरा पंचायत हल्का मोज़ा पटवारी सीमा मालवीय से संबंधित मामले की जानकारी लेना चाही तो संतोषप्रद जवाब नहीं दिया गया। इससे यह सिद्ध हो जाता है कि अतिक्रमणकर्ता को पटवारी का संरक्षण प्राप्त है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान अब बदला-बदला सा नजर आ रहा है प्राचीन बावड़ियों का स्वरूप

**नीमच**। प्रदेश के मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव की मंशानुसार प्रदेश में 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान आयोजित किया जा रहा है । नीमच जिले में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव के मार्गदर्शन में जिले में जनसहयोग से प्राचीन बावडियों को संहेजने संवारने और उन्हे पुर्नजीवित करने का सार्थक प्रयास किया गया है ।जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नीमच जिले मे नौ प्राचीन बावडियों की साफ-सफाई कर उनका सौदर्यीकरण का कार्य जनयहयोग से किया जा रहा है।इससे इन बावडियों का स्वरूप ही बदल गया है अब उनमें स्वच्छ जल का भराव हो रहा है । जल अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री वीरेंद्रसिंह ठाकुर ने बताया कि, जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन सहयोग से नीमच जिले की मनासा विकासखण्ड के ग्राम ढंढेरी में चार भुजा बावड़ी ,जावद में वार्ड न.8 में स्थित गुलाब बावड़ी ग्राम बिसलवास कला में खेडा माता की प्राचीन



बावड़ी, कुकडेश्वर में सांस- बहू की बावड़ी अठाना की नौलखा बावड़ी जावद की मेली बावड़ी नयांगाव की ढाबा माता बावड़ी नीमच वार्ड नं. एक की धाकड़ परिवार की बावड़ी एवं ग्राम कानाखेड़ा में सेठजी की बावड़ी का जन सहयोग ,जनसहभागिता से साफ-सफाई का कार्य कर, इन बावडियों का सौंदर्यीकरण किया गया है । इससे इन बावड़ियों जल भराव बढी है और इस बारिश में इनमें स्वच्छ जल भरव होगा। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत स्वच्छता कार्यो से इन बावडियों का स्वरूप ही बदल गया है और इस बारिश से इन में स्वच्छ जल भरना प्रारंभ हो गया है । इससे गांव में जल स्तर भी बढ़ेगा ।

## पंचायत उप निर्वाचन 2025 के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**मंदसौर**। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती अदिती गर्ग द्वारा पंचायत उप निर्वाचन 2025 के दृष्टिगत जिले की संबंधित गाम पंचायत/वार्ड के क्षेत्र की राजस्व सीमाओं में (जहां निर्वाचन होना है) कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु निर्वाचन अवधि के दौरान प्रचार-प्रसार जोर-जोर से होने, सार्वजनिक सभाओं, ध्वनि विस्तार यंत्रों, घातक आग्नेय शस्त्रों के सार्वजनिक प्रदर्शन तथा उपयोग एवं लोक शांति कायम रखने, आमजन की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। मंदसौर जिले की संबंधित ग्राम पंचायत/वार्ड के क्षेत्र की राजस्व सीमाओं में (जहां निर्वाचन होना है) कोई भी व्यक्ति आग्नेय शस्त्रों( फायर आर्म्स), घातक अस्त्र शस्त्र जैसे बंदूक, पिस्तोल, रिवाल्वर, बल्लम, खंजर, शमशीर या अन्य किसी भी प्रकार के घातक हथियार जिनसे जनसाधरण को चोट पहुच सकती है या जिसके प्रयोग से लोकहित को खतरा हो, सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित नहीं कर सकेगा, चाहे वह व्यक्ति लायसेंसधारी क्यों न हो।

# जाट -विजयपुर मार्ग पर पिकअप वाहन से गिरने पर 30 वर्षीय युवक की हुई मौत व एक युवक घायल

## रोड पर अमानक रूप से बने हुए स्पीड ब्रेकर से हुआ हादसा

ब्यूरो रिपोर्ट - सत्यनारायण सुथार



**जाट**। नीमच जिले के रतनगढ़ थाना अंतर्गत जाट चौकी क्षेत्र के गांव तुमड़िया मे रोड पर अमानक रूप से बने हुए स्पीड ब्रेकर के कारण एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जिसमें 30 वर्षीय युवक की जान चली गई व, एक 32 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया । दोनों युवक दमामी समाज के हैं और ढोल बजाकर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं । मिली जानकारी के अनुसार शनिवार शाम 04 करीबन डाबड़िया गांव से गांव के ही कुछ लोग देवस्थान जाने के लिए पिकअप (लोडिंग वाहन) में सवार होकर निकले,जो तूमड़िया गांव के यहां रोड पर मिट्टी से बने हुए ब्रेकर पर जंप करने पर गाड़ी असंतुलित हो गई । जिसमें जाट निवासी कन्हैया लाल पिता जगदीश चंद्र दमानी 30 वर्ष व गोपाल दमानी 32 वर्ष निवासी चावडिया पिकअप के पीछे बैठे होने की वजह से नीचे गिर गए । जिसमें कन्हैयालाल पिता जगदीश चंद्र दमानी को सिर पर गंभीर चोट व गोपाल के हाथ मे गंभीर चोट लगने से घायल हो गए । जिनको ग्रामीणों मानवीयता दिखाते हुए निजी वाहन से विजयपुर अस्पताल पहुंचाया ज़हां प्राथमिक उपचार कर चित्तौड़ रेफर कर दिया गया । एक की स्थिति गंभीर होने के कारण चिकित्सको द्वारा उसे उदयपुर रेफर कर दिया गया । जहां पर उपचार के दौरान कन्हैया लाल की मौत हो गई । व एक अन्य युवक गोपाल दमामी का सांवलिया हॉस्पिटल में उपचार जारी है।

रोड पर पड़े बड़े-बड़े गड्ढे व आबादी क्षेत्र के नजदीक अमानक रूप से बने हुए स्पीड ब्रेकर के कारण आए दिन ऐसे हादसे से हो रहे हैं । पहले भी भूखी माता के नजदीक रोड खराब होने से तुमड़िया के एक युवक की ट्रैक्टर हादसे में दर्दनाक मौत हो गई थी। लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों का इस और कोई ध्यान नहीं गया । क्या ऐसे हादसे में लोग यूं ही अपनी जान गवाते रहेंगे या फिर हालत सुधर पाएंगे ।

### कुछ लोगों की मनमर्जी से जा रही है बेगुनाहो की जान

ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश देखने को मिलता है कि कुछ लोग अपना स्वार्थ सिद्ध करने के लिए या तो रोड पर अवैध रूप से ब्रेकर बना देते हैं, या फिर रोड के नजदीक तारबंदी या फिर पत्थर की दीवार कर देते हैं । जिससे वाहन चालकों को दूसरे वाहनों को साइड देते वक्त या ब्रेकर दिखाई नहीं देने से अपनी जान तक गवानी पड़ती है । प्रशासन कौ शीघ्र ही ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए जिससे भविष्य में होने वाले हादसों पर रोक लग सके।

## म.प्र.पर्यटन क्विज प्रतियोगिता के लिए पंजीयन प्रारंभ

### एक अगस्त को होगी जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता

**नीमच**। म.प्र. पर्यटन विभाग ने पर्यटन के जरिए विद्यार्थियों में ज्ञानवर्धन एवं सांस्कृतिक जागरूकता के उद्देश्य से मध्य प्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में कक्षा 9वी से कक्षा 12वीं तक के छात्र.छात्राएं सम्मिलित हो सकेंगे। जिला स्तरीय क्विज के लिए 18 जुलाई तक पंजीयन कराए जा सकेंगे। प्रतियोगिता में शासकीय और अशासकीय, केंद्रीय विद्यालय एवं सीबीएसई स्कूलों के हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी विद्यालय के छात्र.छात्राएं भाग ले सकेंगे। जिला स्तरीय क्विज की तिथि एकअगस्त 2025 रखी गई है। यह प्रतियोगिता जिला कलेक्टर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के समन्वय से की जाएगी। क्विज मास्टर की भूमिका में शिक्षा विभाग के अधिकारी सम्मिलित होंगे। पंजीयन की प्रक्रिया विद्यालय स्तर पर ऑनलाइन की जा रही हैं। क्विज में मध्य प्रदेश के पर्यटन स्थलों, कला संस्कृति, अध्यात्म, प्राकृतिक सौंदर्य एवं ऐतिहासिक धरोहरों पर आधारित प्रश्न होंगे। मध्य प्रदेश पर्यटन क्विज 2025 जिला स्तर पर एकअगस्त 2025 को आयोजित होगी। जिला स्तरीय प्रतियोगिता के प्रथम चरण में लिखित परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली 6 टीम मल्टीमीडिया क्विज में प्रवेश करेगी। मल्टीमीडिया क्विज में सर्वाधिक अंकों के आधार पर विजेता दल में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त विद्यालयों के 9 विद्यार्थियों को मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम की होटल में दो रात्रि एवं तीन दिवस आवास, भोजन एवं यात्रा सुविधा के कूपन दिए जाएंगे। उप विजेता दल में चतुर्थ पंचम एवं छष्टम स्थान प्राप्त विद्यालय के नौ विद्यार्थियों को मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम की होटल में एक रात्रि एवं दो दिवस का आवास भोजन एवं यात्रा की सुविधा निशुल्क उपलब्ध करवाई जाएगी।


# जाट क्षेत्र में देर रात्रि से लगभग 12 घंटो तक हुई जोरदार बारिश से सभी नदी नाले आए ऊफान पर


## लगातार हुई बारिश से किसानों के खेतों में भराया पानी,फसलों को हुआ भारी नुकसान,किसानों के चेहरे मुरझाए

ब्यूरो रिपोर्ट - सत्यनारायण सुथार



**जाट**। नीमच जिला मुख्यालय से लगभग 70 किलोमीटर दूरी पर स्थित ग्राम जाट क्षेत्र मे मंगलवार रात्रि से हो रही जोरदार बारिश बुधवार दोपहर बाद भी रही जारी।लगातार हो रही बारिश से क्षेत्र के सभी नदी नाले उफान पर आ गए।जिससे आवागमन पूर्ण रूप से बंद हो गया व जरूरत के समान के लिए भी तरसते दिखे लोग। वही रतनगढ़ से आने वाली 33 केवी लाइन फाल्ट होने के कारण क्षेत्र में बिजली कहीं घंटो तक रही गुल । व जाट रतनगढ़ मार्ग पर बने खाल व किरता नदी की पुलिया पर पानी निकासी के कम पाइप होने के कारण खाल और नदी का पानी किसानों के खेतों में भर गया जिससे इस सीजन की गेहूं मक्का और सोयाबीन की फसलों को भी भारी नुकसान होने का अंदेशा है। रामनगर और ग्वालियर की नदी भी पुलिया के ऊपर बहने लगी जिससे आसपास के सभी किसानों के खेतों में पानी भर गया। जिससे किसानों को डबल बोवनी करने की भी चिंता सताने लगी है। कुछ ही दिनों पूर्व ही क्षेत्र के किसानों ने अपने खेतों में बोवनी की थी और अभी फसलों का अंकुरण होना ही शुरू हुआ था ऐसे में जोरदार बारिश के चलते अधिकांश किसानों के खेतों में पानी भर गया जिससे उनके चेहरे बुरी तरहसे मुरझा गए।



## पोषण ट्रेकर ऐप का प्रशिक्षण निचले अमले को अवश्य दें, अधिकारी करें मॉनिटरिंग : प्रभारी मंत्री सुश्री भूरिया

**मंदसौर**। महिला बाल विकास मंत्री एवं मंदसौर नीमच जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि प्रदेश में पोषण ट्रेकर एप के माध्यम से आंगनवाड़ी केन्द्रों पर पंजीकृत बच्चों के शारीरिक माप (ऊंचाई, वजन एवं आयु के अनुपात में पोषण स्थिति) से संबंधित आंकड़ों का सतत विश्लेषण किया जा रहा है। इन आकड़ों के आधार पर राज्य में पोषण स्तर में सुधार के लिए त्वरित एवं क्षेत्र विशेष की आवश्यकता अनुसार कार्ययोजना बनाई जा रही है। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि पोषण ट्रेकर ऐप न केवल बच्चों के शारीरिक माप बल्कि बच्चों के कुपोषण की स्थिति में बोनापन, कम वजन की पहचान में भी सहायक है। इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि निचले स्तर के अमले इस ऐप का उपयोग सही तरीके से कर रहे है अथवा नहीं। इसके लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, सुपरवाइजर सभी को तकनीकी प्रशिक्षण भी दिया जाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय करनी होगी। उन्होंने कहा कि निरंतर मॉनिटरिंग करने से त्रुटि को पकड़ा जा सकेगा। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि जिस तरह झाबुआ जिले में 'मोटी आई' के कन्सेप्ट से कुपोषण में कमी हुई है। इसी तरह अधिकारियों को नवाचार करना चाहिए। हर बच्चे का रिकार्ड रखें, उनकी निगरानी करें और अधिक कमजोर बच्चों को चिकित्सीय सहयोग उपलब्ध कराएं। अपर मुख्य सचिव महिला बाल विकास श्रीमती रश्मि अरूण शमी ने कहा कि पोषण ट्रेकर ऐप के आँकड़े और वास्तविक आँकड़ों मे फर्क इसलिए दिखता है।

# मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की प्रदेश कार्यसमिति बैठक प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया के नेतृत्व में रतलाम में सम्पन्न

## पूर्व मंत्री हिम्मत कोठारी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे

ब्युरो रिपोर्ट प्रदीप जैन



**सिंगोली**। प्रदेश में पत्रकारो के सबसे बड़े रजिस्टर्ड संगठन मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 29 जून को रतलाम शहर के चम्पा विहार में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया की अध्यक्षता ओर पूर्व मंत्री हिम्मत कोठारी नगर निगम महापौर प्रहलाद पटेल नगर पालिका अध्यक्ष मनीषा मनोज शर्मा के आतिथ्य में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने के लिए अनेक प्रस्ताव पारित किए गए जिनमें प्रमुख रूप से रतलाम को नया संभाग बनाते हुए डाक्टर प्रीति पाल सिंह राणा को संभागीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया साथ ही नागदा को नया जिला बनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां शारदा की पूजा अर्चना के साथ हुई। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय वरिष्ठ पत्रकार शरद जोशी, ऋषि कुमार शर्मा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया ने पत्रकारो को सही ओर सटिक पत्रकारिता करने की बात कही तथा कहा कि संगठन हित ओर पत्रकार हितो के लिए हमें सतत सक्रिय ओर अनुशासित रहना होगा , कार्यक्रम में बोलते हुए पूर्व मंत्री हिम्मत कोठारी ने कहा कि पत्रकार साथियों को अपनी कलम धार तेज करना होगी क्योंकि आज की इस चकाचौंध में पत्रकारो की धार थोड़ी कमजोर हो गई है आपको मुखर होकर देश ओर जनहित की आवाज बनना चाहिए क्योंकि पत्रकार समाज का आईना होता है इनसे बहुत कुछ सिखने को मिलता है।इस अवसर पर महापौर प्रहलाद पटेल और नगर पालिका अध्यक्ष मनीषा मनोज शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संगठन के महासचिव सत्यनारायण वैष्णव ने अपना प्रतिवेदन पढ़ा विगत मुरेना में पारित प्रस्तावों पर चर्चा कि संगठन द्वारा नियुक्त प्रदेश संयोजकों ने अपने अपने कार्यो की जानकारी दी। आयोजन समिति द्वारा प्रदेश अध्यक्ष सहित सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान अभिनंदन पत्र के साथ किया। आयोजन समिति एवं जिलाध्यक्ष राजेश जैन ने सभी संभाग एवं जिलाध्यक्षो को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया कार्यक्रम में प्रदेशभर से अपेक्षित पदाधिकारियों ने भाग लिया नीमच जिले से भी जिलाध्यक्ष प्रदीप जैन महासचिव अविनाश जाजपुरा जिला कार्यकारी अध्यक्ष चेन सिंह सोलंकी, कैलाश राठौर ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन डाक्टर प्रीति पाल सिंह राणा ने किया आभार जिलाध्यक्ष राजेश जैन ने माना।

### संगठन की 6 सुत्रीय मांगो पर सरकार ने गंभीरता से ध्यान नही दिया तो होगा जबरदस्त प्रदर्शन :-

रतलाम में आयोजित प्रांतीय कार्यसमिति बैठक में संगठन के साथियों ने पत्रकार हितों की 6 सुत्रीय मांगो का ज्ञापन मुरेना में आयोजित प्रांतीय सम्मेलन में मुख्यमंत्री को दिया उस पर सरकार गंभीरता से विचार नही करती है तो आने वाले समय में भोपाल में जबरदस्त प्रदर्शन करने की बात भी रखी जिसे सर्वानुमति से मान्य किया ओर शीघ्र ही सरकार से बात कर आगे का निर्णय लेने की बात प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया ने कही।

# पी.एम.एफ.एम.ई. योजना के तहत प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने संबंधी बैठक सम्पन्न



**नीमच**। उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग जिला नीमच द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना (PMFME) अंतर्गत सोमवार को खाद्य प्रसंस्करण इकाईया स्थापित करने हेतु बैठक आयोजित की गई।बैठक में कृषि उपज मण्डी समिति नीमच के सचिव, अध्यक्ष व्यापारी संघ नीमच, उप संचालक कृषि, उद्यान, महा प्रबन्धक उद्योग, कृषि वैज्ञानिक, उपनिरीक्षक मण्डी, विधायक प्रतिनिधि मनासा, मण्डी व्यापारी एवं कृषकों के साथ उद्यमी भी उपस्थित थे। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री संजीव साहू ने व्यापारियों एवं उद्यमियों को पी.एम.एफ.एम.ई.योजना में प्रसंस्करण इकाईयां स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उप संचालक उद्यान श्री अत्तर सिंह कन्नौजी ने पी.एम.एफ.एम.ई.योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सचिव कृषि उपज मण्डी समिति नीमच श्री उमेश शर्मा ने व्यापारियों से प्रसंस्करण उद्योग लगाने का आग्रह किया।प्रमुख वैज्ञानिक डॉ.सी.पी.पचौरी ने जिले में पी.एम. एफ.एम.ई.योजनान्तर्गत संचालित इकाईयों के बारे में जानकारी उद्यमियों एवं व्यापारियों को दी,जिससे, कि प्रसंस्करण उत्पाद तैयार कर अधिक आय प्राप्त कर सके। महाप्रबंधक उद्योग श्रीमती योगिता भटनागर ने उद्योग विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में बताया।

# अपर कलेक्टर द्वारा बेस्ट एम्पलाई आफ दी मंथ पुरस्कार वितरित



**नीमच**। ए.डी.एम.श्रीमती लक्ष्मी गामड़ ने म.प्र.जल निगम परियोजना क्रियान्वयन ईकाई नीमच की प्रबंधक तकनीकी सुश्री सोनम चौहान को बेस्ट एम्पलॉई ऑफ दी मंथ के पुरस्कार से सम्मानित किया। यह पुरस्कार सुश्री सोनम चौहान को गांधीसागर-2 समूह जल प्रदाय योजना का निर्माण कार्य इंटेकवेल, जल शोधन संयंत्र, उच्च स्तरीय टंकियों के निर्माण कार्य, पाईप लाईन बिछाने के कार्य एवं रोड़ रेस्टोरेशन कार्य के निरीक्षणएवं सहायक एजेंसियों से संमन्वय कर गुणवत्तापूर्व कार्य समय सीमा में पूर्ण कराने के हर संभव प्रयासों के फलस्वरूप प्रदान किया गया है। सुश्री सोनम चौहान ने सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों के निराकरण में रूचि लेकर ग्रामीणजनों से सम्पर्क कर, समस्याओं का समाधान करवाने पर यह सम्मान प्रदान किया गया हैं। सुश्री चौहान को एडीएम श्रीमती गामड़ ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर, बेस्ट एम्पलॉई आफ दी मंथ के पुरस्कार से सम्मानित किया।

# केन्द्र एवं राज्य सरकार जनजातीय वर्ग के उत्थान हेतु प्रतिबद्ध है- परिहार

## धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान तहत जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**नीमच**। केन्द्र एवं राज्य सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। जनजातीय वर्ग के उत्थान हेतु केन्द्र एवं राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। इस वर्ग के कल्याण हेतु धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत जनजातीय जागरूकता के लिए जिले के ग्रामों में जनजातीय वर्ग के हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने एवं जागरूकता हेतु शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह बात विधायक श्री दिलीपसिंह परिहार, ने शनिवार को आयुष भवन नीमच में '' धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान '' अंतर्गत जनजातीय जागरूकता के जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। अतिथिगणों ने माँ सरस्वती एवं भगवान बिरसा मुण्डा की तस्वीर पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । जिला संयोजक श्री राकेश कुमार राठौर ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी । इस अवसर पर श्री जनपद सदस्य, जनपद पंचायत श्री रतनलाल मालावत ने भी विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन श्री श्यामगिरी गोस्वामी ने किया इस अवसर पर जनजातीय वर्ग के प्रतिनिधिगण , विद्यार्थीगण एवं जनजातीय कार्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर जिला चिकित्सालय एवं आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी कार्यकम स्थल पर स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाएं भी वितरित की गई।



# लोक निर्माण से लोक कल्याण के तहत नीमच जिले में वृहद पौधारोपण सम्पन्न



**नीमच**। लोक निर्माण विभाग द्वारा लोक निर्माण से लोक कल्याण के तहत संपूर्ण प्रदेश में एक जुलाई को एक साथ एक लाख पौधारोपण का लक्ष्य तय कर, वृहद पौधारोपण किया गया है। इसी कड़ी में लोक निर्माण संभाग नीमच के कार्यपालन यंत्री श्री अमित नार्गेश एवं अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण श्री पंकज खराडी की उपस्थिति में हवाई पट्टी के सामने स्थित सर्किट हाउस परिसर में लोक निर्माण विभाग के सभी अधिकारी, कर्मचारियों ने पौधारोपण किया। नीमच जिले में लोक निर्माण विभाग द्वारा लोक निर्माण से लोक कल्याण के तहत जिले में 1200 से अधिक विभिन्न प्रजातियों के पौधों का पौधारोपण किया गया। लोक निर्माण से लोक कल्याण के तहत सर्किट हाउस नीमच में 500, रेस्ट हाउस जावद में 100, शमशान घाट बसेडीभाटी में 100, महागढ़ में 300 एवं रेस्ट हाउस रामपुरा के परिसर में 200 पौधो का पौधारोपण मंगलवार को किया गया है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान - जल संरचनाओं से मिट्टी निकालने का जिले में अभूतपूर्व कार्य हुआ है-सखलेचा

**नीमच**। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनभागीदारी से जल सरंक्षण के प्रभावी कार्य हुए है। नीमच जिले में तालाबोंएवं जल संरचनाओं से जनसहयोग से मिट्टी निकालने का अभूतपूर्व कार्य हुआ है। इससे जलाशयों की जल भराव क्षमता बढ़ी है और किसानों को अपने खेतों के लिए उपजाऊ मिट्टी भी मिली है। यह बात विधायक जावद श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने सोमवार को जावद क्षेत्र के ग्राम दड़ोली में जल गंगा संवर्धन अभियान के विकासखण्ड स्तरीय समापन समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही। इस मौके पर जनपद अध्यक्ष श्री गोपाल चारण, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि श्री मांगीलाल भील, श्री अर्जुन माली, पंचायत पदाधिकारी एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। इस अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का खण्डवा से सीधा प्रसारण भी किया गया, जिसे उपस्थित अतिथियों और ग्रामीणजनों ने देखा व सुना। विधायक श्री सखलेचा ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिवों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर

# मंत्रि-परिषद ने म.प्र. लोक सेवा पदोन्नति नियम, 2025 का किया अनुमोदन

**नीमच**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा मध्यप्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम, 2025 का अनुमोदन किया गया है। अनुमोदन अनुसार आरक्षित वर्गों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित कर उनके हितों को संरक्षित किया गया है। अनुसूचित जनजाति के लिये 20% एवं अनुसूचित जाति के लिये 16% आरक्षण का प्रावधान किया गया है। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोकसेवकों को भी मेरिट के आधार पर पदोन्नति प्राप्त करने का अवसर दिया गया है। वर्तमान वर्ष में ही आगामी वर्ष की रिक्तियों के लिए पदोन्नति समिति की बैठक कर चयन सूची बनाये जाने का प्रावधान किया गया है, अर्थात अग्रिम डी.पी.सी. के प्रावधान किये गये है। पदोन्नति के सूत्र में वरिष्ठता का पर्याप्त ध्यान रखा गया है। वरिष्ठ लोक सेवकों में से मेरिट के अनुसार न्यूनतम अंक लाने वाले लोक सेवक पदोन्नति के लिए पात्र होंगे, प्रथम श्रेणी के लोक सेवकों के लिए merit cum seniority का प्रावधान किया गया है।पदोन्नति के सूत्र में कार्यदक्षता को प्रोत्साहित किया जाना लक्षित है, पदोन्नति के लिए अपात्रता का स्पष्ट निर्धारण किया गया है। किन परिस्थितियों में कोई लोक सेवक अपात्र होगा एवं दण्ड का क्या प्रभाव होगा यह स्पष्ट रूप से लेख किया गया है। किसी भी विभागीय पदोन्नति समिति बैठक के सन्दर्भ में निर्णय के पुनर्विलोकन के लिए रिव्यू डी.पी.सी. की बैठक आयोजित किये जाने के लिये स्पष्ट प्रावधान किये गये है। नवीन पदोन्नति नियमो में परिभ्रमण की व्यवस्था समाप्त की गई है। इससे पदोन्नति के लिए अधिक पद हो सकेंगे। पदोन्नति समिति को शासकीय सेवक की उपयुक्तता निर्धारण करने का अधिकार दिया गया है चतुर्थ श्रेणी के लिये अंक व्यवस्था नहीं होगी, केवल पदोन्नति के लिए उपयुक्त होने पर ही पदोन्नति प्राप्त हो सकेगी। अर्हकारी सेवा के लिए किसी वर्ष में की गई आंशिक सेवा को भी पूर्ण वर्ष की सेवा माना जायेगा, यदि वर्ष के एक भाग की सेवा भी की गई है तो उसे पूर्ण वर्ष की सेवा माना जाएगा। यदि किसी वर्ष में 6 माह का ही गोपनीय प्रतिवेदन उपलब्ध है तो उसे पूर्ण वर्ष के लिये मान्य किया जा सकेगा। यदि गोपनीय प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं होने के कारण किसी की पदोन्नति रुकती है तो उसे पदोन्नति प्राप्त होने पर पूरी वरिष्ठता दी जायेगी। अप्रत्याशित रिक्तियों को चयन सूची/प्रतीक्षा सूची से भरे जाने का स्पष्ट प्रावधान किया गया है। प्रतिनियुक्ति पर भेजे गए शासकीय सेवक (जो आगामी वर्ष अर्थात पदोन्नति वर्ष में उपलब्ध नहीं होंगे) के पद के विरुद्ध पदोन्नति का प्रावधान किया गया है। गोपनीय प्रतिवेदनों में से यदि कोई गोपनीय प्रतिवेदन एन.आर.सी (नो रिपोर्ट सर्टिफिकेट), सक्षम स्तर से स्वीकृत अवकाश, पदग्रहण काल अथवा प्रशिक्षण के कारण है अथवा गोपनीय प्रतिवेदन में निर्धारित समय पर स्वमूल्यांकन के साक्ष्य है तो ऐसी स्थिति में गोपनीय प्रतिवेदन की अनुपलब्धता के आधार पर पदोन्नति नहीं रोकी जायेगी।

## ऊर्जा विभाग में विभिन्न श्रेणियों के रिक्त पदों के लिये आवेदन आंमत्रित

**नीमच**। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि ऊर्जा विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) में विभिन्न श्रेणियों के 633 रिक्त पदों पर भर्ती के लिये योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आंमत्रित किये गये है। रिक्त पदों में सहायक अभियंता, विधि अधिकारी, कनिष्ठ अभियंता, ट्रांसमिशन लाइन परिचारक, उपकेन्द्र परिचारक, सर्वेयर परिचारक के पद शामिल है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि इन पदों के लिये ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 04 अगस्त 2025 है। रिक्त पदों में द्वितीय श्रेणी के सहायक अभियंता (पारेषण) के 63 पद, विधि अधिकारी के 01, परिचारक के 67, उपकेन्द्र परिचारक के 229 एवं सर्वेयर परिचारक के 14 पद शामिल है।

# पी.एम.एफ.एम.ई. योजना के तहत प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने संबंधी बैठक सम्पन्न

**नीमच**। उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग जिला नीमच द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना (PMFME) अंतर्गत सोमवार को खाद्य प्रसंस्करण इकाईया स्थापित करने हेतु बैठक आयोजित की गई।बैठक में कृषि उपज मण्डी समिति नीमच के सचिव, अध्यक्ष व्यापारी संघ नीमच, उप संचालक कृषि, उद्यान, महा प्रबन्धक उद्योग, कृषि वैज्ञानिक, उपनिरीक्षक मण्डी, विधायक प्रतिनिधि मनासा, मण्डी व्यापारी एवं कृषकों के साथ उद्यमी भी उपस्थित थे। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री संजीव साहू ने व्यापारियों एवं उद्यमियों को पी.एम.एफ.एम.ई.योजना में प्रसंस्करण इकाईयां स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उप संचालक उद्यान श्री अत्तर सिंह कन्नौजी ने



पी.एम.एफ.एम.ई.योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सचिव कृषि उपज मण्डी समिति नीमच श्री उमेश शर्मा ने व्यापारियों से प्रसंस्करण उद्योग लगाने का आग्रह किया।प्रमुख वैज्ञानिक डॉ.सी.पी.पचौरी ने जिले में पी.एम. एफ.एम.ई.योजनान्तर्गत संचालित इकाईयों के बारे में जानकारी उद्यमियों एवं व्यापारियों को दी,जिससे, कि प्रसंस्करण उत्पाद तैयार कर अधिक आय प्राप्त कर सके। महाप्रबंधक उद्योग श्रीमती योगिता भटनागर ने उद्योग विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में बताया।

# जनजातीय विद्यार्थियों को नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य

## बार-बार नहीं कराना पड़ेगा रजिस्ट्रेशन, शासन ने जारी किये निर्देश

**नीमच**। जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशानुसार कक्षा 9 वी से महाविद्यालय स्तर तक अध्ययनरत विद्यार्थियों जिन्हें केन्द्र प्रवर्तित प्री-मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (वार्षिक पारिवारिक आय सीमा रूपये 2.50 लाख से कम) का लाभ प्राप्त होता है, उन्हें वर्ष 2025-26 में छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। विद्यार्थियों द्वारा एक बार वन टाइम रजिस्ट्रेशन नंबर प्राप्त कर लिए जाने के बाद भविष्य में भी आगामी कक्षाओं में इसी नंबर के आधार पर छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभप्राप्त हो सकेगा, जिसके लिये पृथक से पुनः वन टाइम रजिस्ट्रेशन कराने की आवश्यकता होगी। जिला संयोजक श्री राकेश कुमार राठौरने बताया, कि कक्षा 9 वी से महाविद्यालय स्तर तक अध्ययनरत जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों द्वारा वन टाइम रजिस्ट्रेशन नंबर प्राप्त करने की प्रकिया दो चरणो में होगी। प्रथम चरण में विद्यार्थियों को नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल की वेबसाइट से अथवा मोबाइल पर एनएसपी ओटीआर मोबाइल ऐप डाउनलोड कर उसमें आवश्यक जानकारी दी कर रेफरेंस नंबर प्राप्त करना होगा। द्वितीय चरण में एनएसपी ओटीआर एप एवं आधार फेस आरडी सर्विस एप डाउनलोड कर रेफरेंस नंबर के माध्यम से ओटीआर की प्रकिया कर ओटीआर नंबर प्राप्त करना होगा। एम.पी.टास्क पोर्टल पर छात्रवृत्ति आवेदन करते समय विद्यार्थी को ओटीआर नंबर देना अनिवार्य होगा। श्री राठौर ने कक्षा 9वीं से महाविद्यालय स्तर तक अध्ययनरत जिले के सभी जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों से नेशनल स्कालरशिप पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य रूप से कराने का अनुरोध किया है।

# जिला पंचायत सीईओ एवं एडीएम ने की जनसुनवाई-139 आवेदकों की सुनी समस्याएं

**नीमच**। जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव एवं एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड़ ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जनसुनवाई करते हुए 139आवेदकों की सुनी समस्याएं और उनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।इस अवसर एसडीएम श्री संजीव साहू, संयुक्त कलेक्टर श्री राजेश शाह, डॉ.ममता खेंड़े, सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में चेनपुरा के भारतसिह , चंद्रपुरा की ताराबाई, चड़ौली की भागवतीबाई , लेवड़ा की शांतिबाई, मनासा के दिनेश , टी.आई.टी.कॉलोनी नीमच के मनीष, खोर के रवि , रामप्रसाद, बाबुलाल, सोनियाना के शंभुलाल, हनुमंतिया के मोहन लाल, श्रीपुरा के देवीलाल, खोर की भंवरी बाई, जावी के शांतिलाल, साल्याखेडी के आजाद सिह, कुण्डखेडा के रमेश, बोरखेडी के भवरलाल नायक, भरभड़िया के नंदकिशोर एवं ग्रामीण, नलखेड़ा के जगदीश आदि ने अपनी समस्याओं से संबंधी आवेदन प्रस्तुत किए। इसी तरह दौलतपुरा के मुरलीधर, रामपुरा के गोपी , कुचदौड की शांतिबाई, आलोरी गरवाडा के किशनलाल , जगेपुर मीणा के कन्हैयालाल, सादडी रोड बघाना के गुणवंत , साकरिया खेडी के सीताराम, चेनुपरा




खदान के दशरथ , पड़दा के घीसालाल, भाटखेडा के बगदीराम कुमावत , चपलाना के मोहन लाल, बरखेडा जाट की गंगाबाई ने भी अपनी समस्याओं से संबंधी आवेदन जनसुनवाई में प्रस्तुत किए, जिस पर जिला पंचायत सीईओ ने कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# ग्रामों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम योजना का अनुमोदन

**नीमच**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश के ग्रामों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम योजना का अनुमोदन किया गया। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक विधानसभा के एक ऐसे ग्राम का चयन किया जाएगा जिसकी वर्तमान जनसंख्या न्यूनतम 2000 हो एवं गौ-वंश की न्यूनतम संख्या 500 हो। ऐसे ग्रामों को मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम के रूप में विकसित कर आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। ये ग्राम आत्मनिर्भर होकर प्रदेश के अन्य ग्रामों के समक्ष विकास का आदर्श प्रस्तुत करेंगे। इस योजना के अंतर्गत गौ-पालन एवं डेयरी विकास, पर्यावरण संरक्षण, जैविक कृषि, जल संरक्षण, सौर ऊर्जा, चारागाह विकास, अधोसंरचना विकास, स्वरोजगार सहित ग्रामीण विकास के विषयगत दृष्टिकोणों से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किये जाने का निर्णय लिया गया। राज्य शासन की अवधारणा है कि प्रदेश में कुछ ग्राम इस प्रकार विकसित किये जायें ताकि वे आत्मनिर्भर होकर प्रदेश के समस्त ग्रामों के लिए उदाहरण बनें तथा अन्य ग्राम इन चयनित ग्रामों से प्रेरित होकर स्वयं भी आत्मनिर्भरता और चहुँमुखी विकास की ओर अग्रसर हों। इन चयनित ग्रामों में विभिन्न विभागों के अन्य विकास कार्यों के साथ मुख्य रूप से गौवंशीय एवं अन्य दुधारू पशुओं के पालन, दुग्ध-उत्पादन एवं डेयरी विकास पर ध्यान केन्द्रित किया जायेगा। जहां स्वच्छता एवं हरियाली के साथ-साथ गौसेवा और आध्यात्मिकता से समन्वित आर्थिक आत्मनिर्भरता प्रत्यक्षतः दृष्टिगोचर हो और ग्राम "वृन्दावन" के रूप में साकार हो सके।मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम योजना के उद्देश्यों में गौपालन एवं डेयरी विकास



को बढ़ावा देना। ग्राम को दुग्ध उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के साथ सहकारिता के माध्यम से दुग्ध व्यवसाय का प्रसार करना, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार हो सके। पर्यावरण संरक्षण, जैविक कृषि, जल संरक्षण तथा सौर ऊर्जा संबंधी गतिविधियों को जनभागीदारी से क्रियान्वित करना, चारागाह विकास, ग्राम में अधोसंरचना विकास, ग्रामीण परिवारों का रोजगार/स्वरोजगार आधारित आर्थिक सुदृढ़ीकरण और ग्रामीण विकास के विषयगत दृष्टिकोणों को अपनाते हुए सतत् विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करना है।चयनित वृन्दावन ग्राम में विभिन्न विभागों के माध्यम से जो सुविधाएं उपलब्ध करायी जाना है, वे 6 श्रेणियों में होगी।

## पुलिस थाना जावद, रतनगढ़, सिंगोली, बघाना, नीमच सिटी एवं नीमच केंट में जप्तशुदा 426 दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की नीलामी की कार्यवाही सम्पन्न

### 24 लाख रूपयें से अधिक राशि का राजस्व प्राप्त





**नीमच**। पुलिस मुख्यालय द्वारा समस्त जिलों के पुलिस थानों में कई वर्षो से जप्तशुदा वाहनों के निराकरण एवं नीलामी का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को इस अभियान के दौरान अपने अपने थानों में जप्तशुदा वाहनों की निलामी हेतु निर्देश दिये गये है। जप्तशुदा वाहनों की निलामी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत जिला नीमच में पुलिस थाना जावद पर दिनांक 17.06.25, पुलिस थाना रतनगढ़ पर दिनांक 18.06.25, पुलिस थाना सिंगोली पर दिनांक 19.06.2, पुलिस थाना बघाना पर दिनांक 24.06.25, पुलिस थाना नीमच सिटी पर दिनांक 25.06.25 एवं पुलिस थाना नीमच केंट पर दिनांक 29.06.25 को विधिवत रूप से जप्त वाहनों की नीलामी की कार्यवाही सम्पन्न हुई। उक्त नीलामी कार्यवाही संबंधित थाना प्रभारी एवं तहसीलदार की उपस्थिति में की गई। वाहनों की निलामी से पूर्व सर्वसाधारण जनता को नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना जारी की गई थी, जिसमें बताया गया था कि इच्छुक व्यक्ति अमानत राशि नीलामी प्रारंभ होने से पूर्व जमा कर थाना परिसर में उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकते हैं। साथ ही यह भी सूचित किया गया था कि इच्छुक व्यक्ति कार्यालयीन समय में थाना प्रभारी से अनुमति प्राप्त कर नीलामी पूर्व वाहन का निरीक्षण कर सकते हैं।उक्त निलामी प्रक्रिया के दौरान पुलिस थाना जावद पर 02 चार पहिया एवं 52 दो पहिया इस प्रकार कुल 54 वाहन, पुलिस थाना रतनगढ़ पर 09 दो पहिया वाहन, पुलिस थाना सिंगोली पर 01 चार पहिया एवं 07 दो पहिया इस प्रकार कुल 08 वाहन, पुलिस थाना बघाना पर 02 चार पहिया एवं 01 दो पहिया इस प्रकार कुल 03 वाहन, पुलिस थाना नीमच सिटी पर 03 चार पहिया एवं 56 दो पहिया एवं पुलिस थाना नीमच केंट पर 11 चार पहिया एवं 282 दो पहिया इस प्रकार कुल 293 वाहन कुल 426 वाहनों की निलामी कार्यवाही सम्पन्न हुई है। पुलिस थाना नीमच केंट में 293 वाहनों की निलामी से 9,66,359/- रूपयें, पुलिस थाना नीमच सिटी में 59 वाहनों की निलामी से 5,96,912/- रूपयें, पुलिस थाना बघाना में 03 वाहनों की निलामी से 1,37,100/- रूपयें, पुलिस थाना जावद में 54 वाहनों की निलामी से 4,96,406/- रूपयें, पुलिस थाना रतनगढ़ में 09 वाहनों की निलामी से 78,110/- रूपयें एवं पुलिस थाना सिंगोली में 08 वाहनों की निलामी से 1,52,936/- रूपये इस प्रकार 426 दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की निलामी के माध्यम से राज्य शासन को कुल राशि 24,27,423/- रूपयें (चौबीस लाख सत्ताईस हजार चार सौ तेईस रुपये) का राजस्व प्राप्त हुआ है।इस सम्पूर्ण प्रक्रिया को पारदर्शिता के साथ सम्पन्न करते हुए विधिवत वीडियोग्राफी कराईगई। नीलामी के आयोजन में संबंधित थानों के थाना स्टॉफ एवं तहसील कार्यालय स्टॉफ का योगदानर हा।

## राजनीति की पाठशाला ने मनाया आठवां स्थापना दिवस

# लोकतंत्र के संवर्धन में अग्रणी योगदान देने वालों को किया सम्मानित

ब्यूरो रिपोर्ट - जयसिंह रघुवंशी





**नई दिल्ली**। भारत में संविधान साक्षरता और लोकतांत्रिक चेतना के प्रचार-प्रसार के लिए प्रतिबद्ध सामाजिक संगठन राजनीति की पाठशाला ने आज अपने स्थापना के आठ वर्ष पूरे करते हुए कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ़ इंडिया में एक भव्य समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर राजनीति, शिक्षा, विधि, समाज सेवा और पत्रकारिता के विविध क्षेत्रों से जुड़ी विशिष्ट हस्तियों की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमा प्रदान की। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसमें प्रमुख अतिथियों ने भाग लिया। इसके पश्चात विभिन्न वक्ताओं ने देश के लोकतंत्र की स्थिति, नागरिक अधिकारों, संविधान की प्रासंगिकता एवं युवाओं की भूमिका जैसे विषयों पर गहन विचार रखे। मंच से यह स्पष्ट संदेश गया कि एक जागरूक और संवैधानिक रूप से सशक्त समाज ही एक सशक्त राष्ट्र की नींव रखता है। समारोह की मुख्य कड़ी "पाठशाला रत्न 2025" सम्मान समारोह रही, जिसमें उन व्यक्तियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने संविधान की अलख जगाने में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाई है। इन सम्मानित व्यक्तियों में शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता, ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित करने वाले कार्यकर्ता और शहरी बस्तियों में संविधान-चर्चा कराने वाले स्वयंसेवक शामिल थे। इस सम्मान का उद्देश्य उनकी प्रतिबद्धता को राष्ट्रव्यापी स्तर पर मान्यता देना है। पत्रकारिता के क्षेत्र में निष्पक्ष और तथ्य-आधारित रिपोर्टिंग के लिए जाने जाने वाले वरिष्ठ पत्रकारों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने इस अवसर पर कहा कि आज के मीडिया परिदृश्य में स्वतंत्र और उत्तरदायी पत्रकारिता लोकतंत्र की रीढ़ है, और ऐसे पत्रकारों का सम्मान पूरे लोकतांत्रिक ढांचे के लिए प्रेरक है।कार्यक्रम के अंत में संस्था के प्रतिनिधियों ने आगामी वर्षों के लिए अपने लक्ष्यों की घोषणा की। विशेष रूप से संविधान-साक्षरता को विद्यालयों, पंचायतों और शहरी बस्तियों तक ले जाने का संकल्प लिया गया। संस्था का उद्देश्य केवल ज्ञान देना नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक को अपने संवैधानिक अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक और सक्षम बनाना है।

इस अवसर के मुख्य अतिथि डॉ. अभिषेक वर्मा, नेशनल कोऑर्डिनेटर – शिवसेना रहे। विशिष्ट अतिथियों में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष श्री देवेंद्र यादव, पद्मश्री जितेन्द्र सिंह शंटी, प्रेस क्लब ऑफ़ इंडिया के अध्यक्ष श्री गौतम लाहिड़ी, सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. ए.पी. सिंह, ब्राह्मण ऑर्गेनाइजेशन के चेयरमैन पंडित सुखबीर शर्मा, कांग्रेस नेता श्री शिवम् भगत, AICC के राष्ट्रीय सचिव श्री रोहित चौधरी, करोलबाग भाजपा अध्यक्ष श्री वीरेंद्र बब्बर तथा भाजपा नेता केएस दुग्गल मंच पर उपस्थित रहे और सभी ने संस्था के पहल की प्रशंसा की। राजनीति की पाठशाला के संस्थापक अजय पाण्डेय ने स्पष्ट किया कि वह निरंतर ऐसी पहलों के माध्यम से लोकतंत्र की जड़ों को मज़बूत करने हेतु प्रतिबद्ध हैं और यह स्थापना दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि एक संकल्प है।







स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अविनाश जाजपुरा के द्वारा यश प्रिंटिंग प्रेस स्कीम नम्बर 36 ए कलेक्टर कार्यालय के सामने मुद्रित एवं कास्मो स्कूल के पास इन्दिरा नगर नीमच से प्रकाशित - सम्पर्क 9893796737 (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र नीमच रहेगा ।)